बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(A STATE UNIVERSITY)
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494001
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक /527/अका./ब.वि.वि./2020 जगदलपुर, दिनांक 10/08/2020

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर के विद्यापरिषद की स्थायी समिति की आपात बैठक दिनांक 10.08.2020 को अपरान्ह 12.30 बजे से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में आहूत की गई। उक्त बैठक का कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :–

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार सिंह ,<br>कुलपति,<br>बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. के. इंदिरामूर्ति, प्राध्यापक<br>शास. काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर | संकायाध्यक्ष – सदस्य |
| 3. | डॉ. आर.के. हिरकने, प्राध्यापक<br>शास. दन्तेश्वरी पी.जी. महाविद्यालय दन्तेवाड़ा | संकायाध्यक्ष – सदस्य |
| 4. | डॉ. (श्रीमती) रश्मि शुक्ला, प्राध्यापक<br>शासकीय दन्तेश्वरी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर | संकायाध्यक्ष – सदस्य |
| 5. | श्री आई.पी.तिवारी, प्राचार्य<br>श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर | प्राचार्य – सदस्य |
| 6. | डॉ. ए.के. दीक्षित, प्राध्यापक<br>शासकीय इन्द्रावती महाविद्यालय, भोपालपट्नम | संकायाध्यक्ष – सदस्य |
| 7. | डॉ. व्ही.के.पाठक,<br>कुलसचिव, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सचिव |

विशेष आमंत्रित सदस्य –

8. श्री चुन्नी लाल टंडन, सहायक कुलसचिव (अकादमिक) बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
9. श्री देवचरण गावड़े, सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय) बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

**विषय क्रमांक – 01**

छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पत्र दिनांक 08.08.2020 के माध्यम से विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में सत्र 2019–20 की परीक्षाओं के आयोजन के संबंध में छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग के आदेश दिनांक 01.06.2020 एवं 30.07.2020 के अनुसार कार्यवाही किये जाने एवं सुसंगत अध्यादेशों में संशोधन के संबंध में।



10/08/2020

**विभागीय टीप :–**

छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन के आदेश क्र एफ 3–33 / 2020 / 38–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 01 / 06 / 2020 एवं क्रमांक एफ 3–33 / 2020 / 38–1 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 30 / 07 / 2020 के परिपालन में वार्षिक परीक्षा मार्च–अप्रैल 2020 एवं सेमेस्टर परीक्षा जून–2020 के लिए परीक्षा संबंधी समस्त अध्यादेश (क्रमांक 05,06 एवं 170 इत्यादि) को शिथिल करते हुए उक्त परीक्षाओं के आयोजन (मूल्यांकन, परीक्षा परिणाम, अंकसूची इत्यादि) एवं अकादमिक कैलेण्डर के क्रियान्वयन हेतु गठित समिति द्वारा दिनांक 09 / 08 / 2020 को अनुशंसा की गई।

**निर्णय :–**

विश्ववद्यिालय द्वारा की गई कार्यवाही एवं समिति की अनुशंसा अनुसार कार्यवाही किया जाये।

**विषय क्रमांक – 02**

सत्र 2020–21 में सम्बद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में आनलाईन प्रवेश प्रक्रिया एवं महाविद्यालयों में संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल में महाविद्यालयों द्वारा दर्ज की गई सीट संख्या एवं विषयों के संबंध में छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग अथवा उच्च शिक्षा संचालनालय से अनुमति संबंधी आदेश की प्रति उपलब्ध नही कराने पर प्रवेश की सशर्त अनुमति प्रदान करने के संबंध में।

**विभागीय टीप**

बस्तर विश्वविद्यालय से संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में सत्र 2020–21 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया छ.ग.शासन,उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 01 अगस्त 2020 से प्रारंभ हो गया है। विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई गई ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के अनुसार महाविद्यालयों में छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग अथवा उच्च शिक्षा संचालनालय से प्राप्त अनुमति तथा विश्वविद्यालय से प्राप्त संबद्धता वाले पाठ्यक्रमों एवं विषयों में स्वीकृत सीट संख्या के अनुसार ही सीट संख्या एवं विषयों की प्रविष्टि किया जाना अनिवार्य है। परन्तु संलग्न सूची अनुसार महाविद्यालयों में कुछ स्नातक पाठ्यक्रमों के संबद्धता संबंधी अभिलेख उपलब्ध नहीं होने के कारण विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों को संचालित पाठ्यक्रमों एवं विषयों तथा स्वीकृत सीट संख्या के संबंध में छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग अथवा उच्च शिक्षा संचालनालय से प्राप्त अनुमति / स्वीकृति आदेश की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने हेतु महाविद्यालयों को पत्र प्रेषित कर एवं दूरभाष से अवगत कराते हुए अनुरोध किया गया है। परन्तु दिनांक 08.08.2020 तक संबंधित महाविद्यालयों द्वारा अपेक्षित अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया और कई महाविद्यालयों ने अभिलेख की प्रति उपलब्ध कराने, संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु महाविद्यालय द्वारा निर्धारित सीट संख्या एवं विषयों में अनुमति / स्वीकृति प्रदान करने का उल्लेख किया गया है और शासन से अनुमति की प्रत्याशा में विश्वविद्यालय पोर्टल में महाविद्यालय द्वारा दर्ज की गई सीट संख्या एवं विषयों में प्रवेश हेतु पोर्टल में वेरीफिकेशन करने का अनुरोध किया गया है।

10/08/2020

छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2020–21 के लिए अनुमोदित प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत जो दिनांक 07.08.2020 को कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय के माध्यम से विश्वविद्यालय में प्राप्त हुआ है, की कंडिका 2.2 के प्रावधान अनुसार स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 01 अगस्त से 31 अगस्त तक प्राचार्य स्वयं के तथा 15 सितम्बर तक कुलपति के अनुमति से प्राचार्य प्रवेश देने में सक्षम होंगे। को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया हेतु पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक 31.08.2020 के स्थान पर संशोधित तिथि दिनांक 20.08.2020 किये जाने के फलस्वरूप जिन महाविद्यालयों की सीट संख्या एवं विषयों का ऑनलाईन वेरीफिकेशन पोर्टल में नहीं किया जा सका है, ऐसे महाविद्यालयों को सशर्त अनुमति प्रदान करते हुए वेरीफिकेशन किये जाने संबंधी कार्यवाही सूचनार्थ एवं विचरार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय :–**

विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश संबंधी की गई कार्यवाही उचित है। अतः समिति उक्त कार्यवाही की सर्वसम्मति से सहमति प्रदान करता है।

10/08/2020

कुलसचिव

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर